प्रेषक,

निदेशक
प्रारम्भिक शिक्षा
उत्तराखण्ड, देहरादून।

सेवा में,

1. मुख्य शिक्षा अधिकारी, उत्तराखण्ड
2. जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) उत्तराखण्ड
3. जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक शिक्षा) उत्तराखण्ड

पत्रांकः– एजु0पो0/123-166/2018–19, दिनांक 04 अप्रैल 2018

विषयः– एजुकेशन पोर्टल में कक्षा वार छात्रों का छात्र–प्रोफाइल अंकित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

विद्यालयी शिक्षा विभाग के एजुकेशन पोर्टल में छात्रों का प्रोफाईल तैयार किया गया है, जिसमें विद्यालय–वार एवं कक्षा वार (कक्षा 01 से 12 तक) छात्र/छात्राओं के विवरण की ऑनलाईन अंकना की गयी है। कतिपय विकास खण्डों द्वारा विद्यालय के माध्यम से अद्यतन अंकना ऑनलाईन नहीं की गयी है, जो अत्यन्त खेदजनक है। शासन द्वारा निर्देश दिये गये हैं, कि कक्षा 03 से कक्षा 12 तक की मासिक परीक्षा के अंक प्रत्येक दशा में पोर्टल पर आनलाईन किये जाने हैं। यह भी अवगत कराना है, कि आकादमिक शोध निदेशालय, उत्तराखण्ड के पत्र संख्या अ0शो0प्र0/3558–66/ प्रवेशोत्सव/2017–18 दिनांक 28 मार्च 2018 के द्वारा भी आपको निर्देश दिये गये हैं, कि अप्रैल मई 2018 के मिशन "कोशिश" का पाठ्यक्रम भेजा गया है, को विद्यालय तक पहुचाएं एवं अप्रैल, मई 2018 की मासिक परीक्षा इसी की आधार पर की जानी है, तथा सम्प्राप्ति की अंकना पोर्टल पर की जानी है।

अतः एजुकेशन पोर्टल (educationportal.uk.gov.in) लिंक पर जाकर विद्यालय की आई0डी0/कोड अंकित कर प्रथम बार पासवर्ड admin@123 डाले एवं यूनिट पर क्लिक करके अपने विद्यालय का पोर्टल खोलें। तत्पश्चात पासवर्ड अपने अनुसार बदलें। यदि किसी विद्यालय का पोर्टल नही खुल पा रहा हो, तो सम्बन्धित विकास खण्ड/उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय से पोर्टल रिसैट करवायें। तत्पश्चात निम्नानुसार कार्यवाही करें।

Regular student

Student description- विद्यालय की छात्र संख्या (बालक/बालिका/अन्य) की अंकना करने हेतु।
Add student- नये छात्र की अंकना किये जाने हेतु।
Student list- कक्षावार छात्रों का विवरण देखने हेतु।
Student action- छात्रों को अगली कक्षा में भेजने (Pramote) ड्राप करने हेतु।

अतः उपरोक्तानुसार बिन्दुवार कार्यवाही करते हुए कक्षा 01 से 12 तक के समस्त छात्र/छात्राओं का छात्र प्रोफाइल की अंकना कर दिनांक 15 अप्रैल 2018 तक इस आशय का प्रमाण पत्र कि मेरे जनपद/विकास खण्ड में समस्त छात्र/छात्राओं का प्रोफाइल अंकित कर लिया गया है, एवं कोई छात्र/छात्रा शेष नहीं है, निदेशालय को ई–मेल (ua.elementary@yahoo.in) पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(वी0एस0 रावत)
अपर निदेशक
प्रारम्भिक शिक्षा, उत्तराखण्ड

पृ0सं0/एजु0पो0/123-166/2018–19, दिनांक उक्तांकित
प्रतिलिपि निम्नांकित से सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड, देहरादून को सूचनार्थ।
2. निदेशक, अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण, उत्तराखण्ड, देहरादून को सूचनार्थ।
3. विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, उत्तराखण्ड को सम्बन्धित मुख्य शिक्षा अधिकारी के माध्यम से कार्यवाही किये जाने हेतु।
4. उप शिक्षा अधिकारी, उत्तराखण्ड को सम्बन्धित जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से कार्यवाही किये जाने हेतु।

(वी0एस0 रावत)
अपर निदेशक
प्रारम्भिक शिक्षा, उत्तराखण्ड